दैनिक

# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

विजयदशमी की शुभकामनाएं



**राजधानी...** मुख्यमंत्री ने कन्या-पूजन और कन्या-भोज...


**खेल...** इंग्लैंड ने यादगार और रिकॉर्डों से भरे टेस्ट मैच में...


**व्यापार...** रिलायंस ने ग्राहकों के लिए नई सुविधाओं के साथ...


**देश-विदेश...** बलूचिस्तान में कोल खदान पर रॉकेट और ग्रेनेड से...



www.naiduniaonline.com

वर्ष- 78 (भोपाल : वर्ष 39 अंक 315,पृष्ठ 12) | शनिवार 12 अक्टूबर, 2024 | राजधानी संस्करण कीमतः 3:00 रुपये


## आतंकवाद वैश्विक शांति के लिए गंभीर चुनौती, यह युद्ध का युग नहीं है : मोदी

**वियेनतिएन (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाओस में 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन को संबोधित किया और इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद वैश्विक शांति के लिए एक गंभीर खतरा है।**


उन्होंने यह भी कहा कि मानवता में विश्वास रखने वाली ताकतों को इससे निपटने के लिए आपसी सहयोग से काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर चुनौती है। इसका सामना करने के लिए मानवता में विश्वास रखने वाली ताकतों को मिलकर काम करना होगा। साथ ही साइबर, समुद्री और अंतरिक्ष के क्षेत्रों में आपसी सहयोग को भी मजबूत करना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में तूफान यागी से प्रभावित लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वतंत्र, मुक्त, समावेशी, समृद्ध और नियम-आधारित हिंद-प्रशांत पूरे क्षेत्र की प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है। दक्षिण चीन सागर में



शांति, सुरक्षा और स्थिरता पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र के हित में है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा हमारा माननाहै कि समुद्री गतिविधियां यूएनसीएलओएस के तहत संचालित की जानी चाहिए; नौवहन, वायु क्षेत्र की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना आवश्यक है। प्रधानमंत्री मोदी हम म्यांमा की स्थिति पर आसियान के दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं। हमारा मानना है कि मानवीय सहायता जारी रखना महत्वपूर्ण है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में चल रहे संघर्षों का सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव ग्लोबल साउथ के देशों पर पड़ रहा है। चाहे यूरेशिया हो या पश्चिम एशिया, हर कोई चाहता है कि जल्द से जल्द शांति और स्थिरता बहाल होनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं बुद्ध की धरती से आता हूं, बार-बार कहता रहा हूं कि यह युद्ध का युग नहीं है। समस्याओं का समाधान युद्ध के मैदान से नहीं निकल सकता। संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता, अंतरराष्ट्रीय (शेष पेज 2 पर)

## नोएल टाटा बने टाटा ट्रस्ट के अध्यक्ष

**मुंबई (एजेंसी)।** स्वर्गीय रतन टाटा के सौतेले भाई नोएल नवल टाटा को टाटा ट्रस्ट के विभिन्न ट्रस्टों का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है और उन्हें टाटा ट्रस्ट का अध्यक्ष भी नामित किया गया है। टाटा ट्रस्ट के विभिन्न ट्रस्टों के ट्रस्टियों ने शुक्रवार को यहां एक संयुक्त बैठक की। उन्होंने टाटा ट्रस्ट के अध्यक्ष रतन एन. टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया और न केवल टाटा समूह बल्कि राष्ट्र निर्माण में उनके द्वारा दी गई सेवाओं को याद किया। इसके तुरंत बाद आयोजित अलग-अलग बैठकों में सर्वसम्मति से नोएल नवल टाटा को टाटा ट्रस्ट के विभिन्न ट्रस्टों का अध्यक्ष नियुक्त करने और उन्हें टाटा ट्रस्ट का अध्यक्ष नामित करने का निर्णय लिया गया। टाटा ट्रस्ट ने एक बयान में कहा कि उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इस अवसर पर नोएल नवल टाटा ने कहा मैं अपने साथी ट्रस्टियों द्वारा मुझे दी गई जिम्मेदारी से बहुत सम्मानित और विनम्र महसूस कर रहा हूं। मैं रतन एन. टाटा और टाटा समूह के संस्थापकों की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हूं। एक सदी से भी अधिक (शेष पेज 2 पर)



## विजयादशमी की बधाई एवं शुभकामनाएं

**दशहरा (विजयादशमी)** के पावन पर्व पर **नईदुनिया** परिवार की ओर से अपने शुभचिंतकों, पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं एजेंट बंधुओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

## अवकाश की सूचना

**दशहरा (विजयादशमी)** के पावन पर्व पर 12 अक्टूबर शनिवार 2024 को **नईदुनिया** कार्यालय में अवकाश रहेगा, अगला अंक 14 अक्टूबर सोमवार को प्रकाशित होगा। कृपया सभी एजेंट बंधु और विज्ञापनदाता नोट कर लेवें।

**प्रबंध संपादक**

### खास-खबर

## अब कभी किसी भी पार्टी से नहीं होगा गठबंधनः मायावती

**लखनऊ (एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी



(बसपा) प्रमुख मायावती ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी किसी भी क्षेत्रीय दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। उनकी घोषणा हाल ही में संपन्न हरियाणा विधानसभा चुनावों में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद हुई, जिसमें उन्होंने एक क्षेत्रीय पार्टी के साथ लड़ाई लड़ी और एक भी सीट नहीं जीत सकी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी दादा किया कि भाजपा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधनों से भी उनकी दूरी बरकरार रखेगी। उत्तर प्रदेश के चार बार के पूर्व मुख्यमंत्री ने हिंदी में पोस्ट की एक श्रृंखला में कहा कि यूपी सहित दूसरे राज्यों के चुनाव में भी बीएसपी का वोट गठबंधन की पार्टी को ट्रांसफर हो जाने किन्तु उनका वोट बीएसपी को ट्रांसफर कराने की क्षमता उनमें नहीं होने के कारण अपेक्षित चुनाव परिणाम नहीं मिलने से पार्टी कैडर को निराशा व उससे होने वाले मूवमेन्ट की हानि को बचाना जरूरी। उन्होंने आगे कहा कि इसी संदर्भ में हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणाम व इससे पहले पंजाब चुनाव के कड़वे अनुभव के मद्देनजर आज हरियाणा व पंजाब की समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय पार्टियों से भी अब (शेष पेज 2 पर)

### 7600 करोड़ के ड्रग्स मामले में ईडी का एक्शन

## दिल्ली से मुंबई तक ताबड़तोड़ छापेमारी, दर्ज किया केस

**नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली ड्रग्स केस मामले में अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जांच करेगी। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने 7600 करोड़ रुपये ड्रग्स बरामदगी में पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया। मामला दर्ज करने के बाद दिल्ली एनसीआर और मुंबई में कई ठिकानों पर रेड की।**

ईडी की टीम इस वक्त आरोपी और आरटीआई सेल कांग्रेस के पूर्व चेयरमैन तुषार गोयल के वसंत विहार स्थित घर, उसके और उसकी पत्नी के राजौरी गार्डन स्थित घर, प्रेम नगर में आरोपी हिमांशु के घर, मुंबई में नालासोपारा में भारत कुमार के घर, इसके अलावा दिल्ली के झंडेवालान में तुषार बुक पब्लिकेशन और गुरुग्राम में प्राइवेट लिमिटेड के दफ्तर पर रेड कर रही है। कल ही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने रमेश नगर इलाके में रेड कर दो हजार करोड़ रुपये की और ड्रग्स बरामद की थी। इससे पहले 1अक्टूबर को स्पेशल सेल ने महिपालपुर में रेड कर 5600 करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद की थी। अभी तक दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके ठिकानों से 7600 करोड़ रुपये की ड्रग्स बरामद की है। वहीं, 7000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कीमत की ड्रग्स बरामदगी की जांच कर रही दिल्ली पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी जारी किया है। जिनमें एक भारतीय मूल का ब्रिटिश नागरिक भी शामिल है, जो पश्चिमी दिल्ली से 208 किलोग्राम नशीले पदार्थ की ताजा बरामदगी से पहले देश छोड़कर भाग (शेष पेज 2 पर)

## बहुचर्चित महादेव सट्टा एप का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित महादेव सट्टा एप का मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर दुबई में गिरफ्तार हो गया है।**

यह कार्रवाई इंटरपोल के रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर हुई, जिसे प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के अनुरोध पर जारी किया गया था। इस मामले में ईडी, विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने मिलकर एक बड़ी कार्रवाई की है।



सौरभ जो पहले छत्तीसगढ़ के भिलाई में एक साधारण जूस की दुकान चलाता था, वह अब महादेव एप के जरिये सट्टेबाजी का बड़ा साम्राज्य खड़ा कर चुका है। उसकी गिरफ्तारी ने इस बड़े घोटाले के प्रमुख कतधिर्ता को कानून के शिकंजे में ला दिया है।

लगभग डेढ़ महीने पहले, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने इस घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपने का फैसला किया था। यह निर्णय 22 अगस्त को लिया गया था और अब इस घोटाले के 'किंगपिन' सौरभ की गिरफ्तारी हुई है। महादेव सट्टा एप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल का नाम बाकायदा एफआईआर में भी दर्ज है। कहा गया कि उन पर सरगना समेत मामले के दूसरे आरोपियों को यहां से बाहर भगाने व संरक्षण में हाथ (शेष पेज 2 पर)

## हैदराबाद में दुर्गा पंडाल में तोड़फोड़

**हैदराबाद (एजेंसी)।** अज्ञात व्यक्तियों ने शुक्रवार तड़के नामपल्ली में एक दुर्गा पंडाल में देवी की मूर्ति को आंशिक रूप से खंडित कर दिया। स्थानीय बेगम बाजार पुलिस ने कहा कि मूर्ति के पास रखी पूजा सामग्री को अज्ञात आरोपियों ने तोड़ दिया। इसके अलावा मूर्ति का एक हिस्सा भी टूटा हुआ मिला। मूर्ति नामपल्ली के प्रदर्शनी मैदान के अंदर एक पंडाल में स्थापित की गई थी। पंडाल के आयोजकों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पाया कि यह अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जानबूझकर किया गया कृत्य था।

## सूरत सामूहिक बलात्कार मामले में तीसरा आरोपी गिरफ्तार

**सूरत (एजेंसी)।** गुजरात के सूरत जिले में इस सप्ताह की शुरुआत में एक लड़की के साथ कथित बलात्कार के मामले में वांछित तीसरे और अंतिम आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि आठ अक्टूबर की रात 17 वर्षीय लड़की के साथसूरत जिले के मंगरोल तालुका के मोटा बोरसारा गांव के निकट कथित यौन उत्पीड़न हुआ था। उन्होंने बताया कि इस मामले में फरार राजू विश्वकर्मा (35) को अहमदाबाद के साबरमती रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया गया। उसके दो साथियों को पहले ही गिरफ्तार किया गया था।





